पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 9 मार्च 2020

महिला दिवसः नोएडा को मिले दो पिंक मेट्रो स्टेशन

एनएमआरसी की प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी ने सेक्टर-76 और परी चौक स्टेशन का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एनएमआरसी ने महिला मुसाफिरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो पिंक स्टेशन सेक्टर-76 व परिचौक का शुभारंभ किया। इसका अनवारण एनएमआरसी की प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी ने किया। इस मौके पर मुय अतिथि राजीव गौबा कैबिनेट सचिव, भारत सरकार की पत्नी पमी गौबा व आलोक टंडन, अवस्थपना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्नी रीना टंडन, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहीं।

एक्वा लाइन के सेक्टर 76 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाया गया है। इन स्टेशनों पर एक्वा लाइन की महिला यात्रियों के लिए कई अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध है। जिसमे बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग रूम और मेक अप, चेंजिंग रूम और सेल्फी प्वाइंट, जो महिला यात्रियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा।

एनएमआरसी की प्रबंधन निदेशक रितु माहेश्वरी स्टेशन का उद्घाटन करती हुई।

ये सभी सुविधाएं सभी महिला यात्रियों के लिए पूरी तरह से मुफ्त में उपलब्ध हैं। इन दोनों स्टेशनों के अलावा एक्वा लाइन के सभी 21 स्टेशनों पर सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। महिलाओं को इस सुविधा का उपयोग करने के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इस मशीन को संचालित करने के टोकन सभी स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे।

दोनों स्टेशनों पर महिलाओं का है स्टॉफ

एनएमआरसी की प्रबंध निदेशिका रितु माहेश्वरी ने कहा कि एनएमआरसी में कुल कर्मचारियों की संख्या का 20.25 प्रतिशत हिस्सा महिला स्टॉफ का है। वे मेट्रो के किसी भी स्तर पर पुरुषों के बराबर हैं चाहे वह मेट्रो ट्रेनों को चलना हो, स्टेशन की गतिविधियों को नियंत्रित करना हो, रखरखाव कार्य, रोलिंग स्टॉक एंड ट्रैक्शन, सिविल, ओएचई, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का कार्य हो। सेक्टर.76 व परिचौक मेट्रो स्टेशनों पर पूर्ण स्टॉफ महिलाओं का है।

एक्वा मेट्रो की महिला कर्मचारी सम्मानित

महिला कर्मचारी	सम्मान की श्रेणी
1. अनुप्रिया सेन	बेस्ट स्टेशन कंट्रोलर
2. निशा	बेस्ट फिमेल ट्रेन आपरेटर
3. मधुलिका	रोलिंग स्टॉक सुपरवाइजर
4. अकांक्षा श्रीवास्तव	सिंगनलिंग सुपरवाइजर
5. भावना अहिरवाला	इलेक्ट्रिकल मैनटेनर
6. कुसुम देवी	ट्रैक मैनटेनर
7. नेहा राय	सिविल ट्रेक सुपरवाइजर